आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.04.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''मुख्यमंत्री घोषणाओं'' के तहत पांच विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा की। अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उत्तरकाशी जिले के जोशियाड़ा में नवनिर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन का लोकार्पण किया।
- नरेंद्रनगर स्थित राजमहल में भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए पारंपरिक ढंग से पिरोया गया तिलों का तेल।
- चारधाम यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से हरिद्वार जिला प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया।

**----------**

**<u>मुख्यमंत्री समीक्षा</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में ''मुख्यमंत्री घोषणाओं'' के तहत थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायकों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के संबंधित विभागीय सचिवों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारी, जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। श्री धामी ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने, हेली एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने ''मुख्यमंत्री घोषणाओं'' से संबंधित वन विभाग के स्तर पर लंबित प्रकरणों की अलग से समीक्षा करने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में होटल एसोसिएशन के साथ समय–समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।

**कैबिनेट मंत्री/लोकार्पण**

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आज उत्तरकाशी जिले के जोशियाड़ा में नवनिर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस नए भवन में कक्षा कक्ष, कार्यशाला और प्रधानाचार्य कक्ष आदि सुविधाओं की व्यवस्था है, जो क्षेत्र के युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने में सहायक होंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यहां के छात्रों को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने कहा कि आईटीआई जैसे संस्थान युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देने में अहम भूमिका निभाते हैं और प्रदेश सरकार कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**गैस सिलेंडर**

बागेश्वर जिले में पूर्ति विभाग द्वारा आम लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति के साथ ही व्यावसायिक गैस सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों को राहत मिली है। व्यापारियों ने इसे एक सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि गैस की उपलब्धता से उनके कामकाज में काफी सहूलियत आई है। व्यापार संघ के नगर अध्यक्ष सूरज जोशी ने बताया कि व्यापारी वर्ग, लंबे समय से गैस की समस्या से जूझ रहा था। अब सिलेंडर मिलने से उनकी परेशानी दूर हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन का आभार जताया।

जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पांडे ने बताया कि जिले में प्रतिदिन 900 से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं, जबकि 4 अप्रैल से अब तक 185 व्यावसायिक सिलेंडर व्यापारियों को दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार हर दिन सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**तेल कलश**

भगवान बदरी विशाल के नित्य महाभिषेक में उपयोग होने वाले पवित्र तिलों के तेल को आज टिहरी जिले के नरेंद्रनगर स्थित राजमहल में विधि–विधान और पारंपरिक रीति–रिवाज से पिरोया गया। इस अवसर पर टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह सहित कई सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। टिहरी सांसद ने कहा कि इस बार भी उन्होंने महिलाओं के साथ मिलकर तिलों का तेल पिरोया और ये सदियों पुरानी परंपरा नई पीढ़ी तक पहुंच रही है।

पिरोए गए इस पवित्र तेल को गाडू घड़ा–तेल कलश में भरा गया। यह कलश, भव्य शोभायात्रा के साथ नरेंद्रनगर से ऋषिकेश होते हुए बदरीनाथ धाम के लिए रवाना होगा। गाडू घड़ा– तेल कलश यात्रा आज ऋषिकेश में रात्रि विश्राम करेगी। कल सुबह श्रद्धालु तेल कलश के दर्शन कर सकेंगे। पूजा–अर्चना के बाद

कलश यात्रा लक्ष्मणझूला होते हुए श्रीनगर गढ़वाल के लिए रवाना होगी। तेल कलश को कुछ समय के लिए डिमरी तीर्थ पुरोहितों के मूल गांव डिम्मर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में रखा जाएगा, जहां नियमित पूजा–अर्चना की जाएगी। इसके बाद तेल कलश यात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए आगे बढ़ेगी और 22 अप्रैल को बदरीनाथ धाम पहुंचेगी। अगले दिन 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही इस पवित्र तेल कलश को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इसी तेल से भगवान बदरीविशाल का महाभिषेक किया जाएगा।

**अतिक्रमण अभियान**

चारधाम यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से हरिद्वार जिला प्रशासन ने आज शहर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान के नेतृत्व में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीआर के समीप सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए 50 से अधिक रेहड़ी–ठेली और फड़ों को हटाया। साथ ही रोड़ीबेलवाला, दीनदयाल पार्किंग से हर की पैड़ी मार्ग तक अतिक्रमण हटाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जागरूकता कार्यशाला**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत आज राजकीय महाविद्यालय, रुद्रप्रयाग में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला संयोजक डॉ. विक्रम भारती ने विद्यार्थियों को योजना के उद्देश्य, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और इससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर एनएसएस नोडल अधिकारी श्रीकांत नौटियाल ने विद्यार्थियों को योजना के व्यावहारिक लाभों और करियर निर्माण में इसकी भूमिका को समझाया तथा अधिक से अधिक छात्रों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना वर्ष 2024 में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है। इसका उद्देश्य अगले पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को देश की शीर्ष कंपनियों में सशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है।